
## खास-खबरें

### मुकेश की याद में सजी सूरों की महफ़िल कलाकारों ने बांधा समां




**नईदुनिया, प्रतिनिधि, नागदाः** महान पार्श्व गायक मुकेश की 50वीं पुण्यतिथि पर सोमवार की रात मध्य प्रदेश के उज्जैन जिले के नागदा में 'मुकेश म्यूजिकल नाइट' का आयोजन किया गया। जीनी म्यूजिकल ग्रुप के तत्वावधान में हुई संगीत संध्या में नागदा एवं इंदौर के गायक कलाकारों ने मुकेश के सदाबहार गीतों की प्रस्तुतियां देकर उन्हें स्वरांजलि अर्पित की। मधुर गीतों ने श्रोताओं को देर रात तक बांधे रखा। कार्यक्रम की रूपरेखा ग्रुप के संरक्षक राधाकिशन कदम ने तैयार की। इस अवसर पर ग्रुप सदस्य एवं एडवोकेट रफीक खान का जन्मदिन भी मनाया गया। साथी कलाकारों एवं अतिथियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। गायक कलाकार देव बम्बीवाल, अजय गरवाल, अशोक पांचाल, संतोष जोशी, फारुख अगवान, भरत शर्मा, श्रेया बघेल, राजेश उचेनिया, सुरेश चौहान, अर्जुन निम्बोला (मीनावाड़ा), हीरालाल राठौर एवं कमल (झारड़ा) ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। इंदौर के केकेसी क्लब के संस्थापक दीपक पाठक, कार्यकारी अध्यक्ष मनीष पगारे सहित अजय डाबी, दीपक शर्मा, महेश शर्मा, मनीष गुप्ता, किरण कोटस्थाने, रेखा वर्मा एवं लक्ष्मी शर्मा ने भी गीतों की प्रस्तुतियां दीं।

### कराटे खिलाड़ी आदित्य राज सोनी ने बढ़ाया नगर का गौरव



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, रेहटीः** नगर के युवा कराटे खिलाड़ी आदित्य राज सोनी ने अपनी मेहनत, लगन, अनुशासन और निरंतर अभ्यास के दम पर खेल क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। विभिन्न प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर उन्होंने नगर का नाम रोशन किया है। उनकी सफलता क्षेत्र के अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा बन रही है। आदित्य ने 30 अगस्त को सेंट जोसेफ सहशिक्षा विद्यालय, कोलार मार्ग, डी-मार्ट के पास आयोजित डब्ल्यूएफएसकेओ कराटे जिला स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पदक प्राप्त किया। इस उपलब्धि के साथ उनकी पदक यात्रा में एक और महत्वपूर्ण सफलता जुड़ गई है। उनकी उपलब्धि पर परिवार, गुरुजनों और शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी। कक्षा 12वीं वाणिज्य के विद्यार्थी आदित्य अब तक विभिन्न कराटे प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए 2 स्वर्ण, 2 रजत और 3 कांस्य पदक जीत चुके हैं। उनके पिता भुवनेश सोनी रेहटी के स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष एवं सक्रिय समाजसेवी हैं। नगरवासियों ने आदित्य को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनीं नागरिकों की समस्याएं



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, रायसेनः** कलेक्ट्रेट में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने आमजन की समस्याएं सुनीं और उनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों ने अपनी समस्याओं और शिकायतों से प्रशासन को अवगत कराया। कलेक्टर विश्वकर्मा ने आवेदकों से उनकी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की और कुछ प्रकरणों में संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से लेते हुए उसका शीघ्र और प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जाए। जनसुनवाई के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कमल सोलंकी, अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

### शासकीय जमीन, रास्तों और नालों से अतिक्रमण हटाने के निर्देश

**नईदुनिया प्रतिनिधि, देवासः** कलेक्टर ऋतु राज सिंह ने शासकीय रास्तों, भूमि और नालों पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में आयोजित समय-सीमा संबंधी बैठक में उन्होंने सभी एसडीएम को अतिक्रमण हटाने के साथ नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में लंबित पत्रों, अंतरविभागीय समन्वय और विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने जिले में संचालित नल-जल योजनाओं को शीघ्र पूरा करने और पूर्ण हो चुकी योजनाओं का हैंडओवर कराने के निर्देश दिए।

### सैटेलाइट सर्वे कर रहा है किसानों में झगड़ा, विद्युत मंडल कर रहा मनमानी



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, सीहोरः** कलेक्ट्रेट में मंगलवार को बड़ी संख्या में किसान अत्यधिक बारिश से खेतों में खराब हुई सोयाबीन की फसल के पौधे लेकर पहुंचे। किसानों ने कलेक्ट्रेट परिसर में बैठकर धरना दिया। राजस्व विभाग के द्वारा सेटेलाइट से कराया जा रहे भूमि सीमांकन को लेकर भी आपत्ति दर्ज कराई गई। पटवारियो के दुर्व्यवहार और दूध कंपनियां के द्वारा कम दाम पर दूध खरीदने को लेकर भी आक्रोश व्यक्त किया। सेमरा दांगी के किसान नेता बने सिंह दांगी के नेतृत्व में सैकड़ो किसानों ने नारेबाजी करते हुए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नाम का ज्ञापन तहसीलदार अमित सिंह को दिया। किसान नेता बने सिंह दांगी ने कहा कि सेटेलाइट से किया जा रहे हैं सर्वे कारण किसानों में आपस में झगड़ा हो रहा है।

# श्मशान में जलती चिता से मांस नोचकर खाने वाला तथाकथित 'अघोरी' गिरफ्तार

## इंस्टाग्राम पर सनसनी फैलाने की सनक पड़ी भारी, वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने धर दबोचा

**नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैनः** महाकाल की पावन नगरी उज्जैन में एक ऐसा वीभत्स और दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जिसने इंसानियत और श्मशान की मर्यादा को पूरी तरह तार-तार कर दिया है। सोशल मीडिया पर फॉलोअर्स बढ़ाने और रातों-रात वायरल होने की पागलपन भरी हवस में एक तथाकथित अघोरी किन्नर ने चक्रतीर्थ श्मशान घाट पर सारी हदें पार कर दीं। इस सनकी ने जलती हुई चिता से मानव शव का मांस निकालकर खाने का खौफनाक कृत्य किया और बेशर्मी की इंतहा करते हुए इसका वीडियो बनाकर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर भी अपलोड कर दिया। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही शहर में उबाल आ गया, जिसके बाद पुलिस ने त्वरित एक्शन लेते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल की हवा खिला दी है।

घटना उज्जैन के जीवाजीगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले संवेदनशील चक्रतीर्थ श्मशान घाट की है। कालभैरव घाट के पास रहने वाले विष्णुनाथ नामक एक जागरूक नागरिक की नजर जब इस वीभत्स वीडियो पर पड़ी, तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। वीडियो में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा था कि काली उर्फ नंदीगिरी नामक तथाकथित अघोरी किन्नर चिता पर जल रहे शव के अवशेषों के साथ छेड़छाड़ कर रहा है और बेहद अमानवीय कृत्य को अंजाम दे रहा है। अंतिम संस्कार जैसी पवित्र और संवेदनशील जगह पर इस तरह की ओछी



और घिनौनी हरकत ने न सिर्फ सनातन संस्कृति को ठेस पहुंचाई, बल्कि देखने वालों की रूह भी कंपा दी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए शिकायतकर्ता विष्णुनाथ ने तुरंत जीवाजीगंज थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई और सबूत के तौर पर वह वायरल वीडियो भी पुलिस को सौंप दिया। शिकायत मिलते ही थाना प्रभारी प्रतीक शर्मा ने बिना वक्त गंवाए अपनी टीम को एक्टिव किया। पुलिस ने त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करते हुए तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी काली उर्फ नंदीगिरी (निवासी साडूमाता की बावड़ी के आगे, आउटर रिंग रोड, उज्जैन) को धर दबोचा। पुलिस हिरासत में लेकर जब आरोपी से कड़ाई से पूछताछ की गई, तो उसने अपने इस सनकी और घिनौने कृत्य को स्वीकार किया।

**सोशल मीडिया की पागलपन भरी सनकः** लाइक्स, कमेंट्स और रील्स के भूखे तथाकथित अघोरी ने पब्लिसिटी पाने के चक्कर में इंसानियत और कानून दोनों की धज्जियां उड़ा दीं, जिसका परिणाम अब वह जेल की सलाखों के पीछे भुगत रहा है।

सजग नागरिक और सुपरफास्ट पुलिसिंगः कालभैरव घाट निवासी विष्णुनाथ की सतर्कता और जीवाजीगंज थाना प्रभारी प्रतीक शर्मा की त्वरित कार्यशैली ने शहर का माहौल बिगड़ने से पहले ही आरोपी को कानून के शिकंजे में कस लिया।

### गिरफ्तारी के बाद भी अकड़ जारीः औकात में रहना

इस फर्जी अघोरी की ढिठाई का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जब उसका पहला वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ और लोगों ने आलोचना शुरू की, तो उसने माफी मांगने के बजाय एक और धमकी भरा वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। इस नए वीडियो में वह खुली चुनौती देते हुए कहता नजर आया— 'औकात में रहना, मारने को भी रेडी हूं।' हालांकि, पुलिस के कड़े शिकंजे के आगे इस रीलबाज की सारी हेकड़ी धरी की धरी रह गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 301 के तहत गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उसे माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उसे सीधे जेल भेज दिया गया है। थाना प्रभारी प्रतीक शर्मा ने स्पष्ट किया है कि समाज में इस तरह की अराजकता और धार्मिक भावनाओं को आहत करने वालों के खिलाफ कानून पूरी सख्ती से निपटेगा।

**सख्त कानूनी शिकंजाः** पुलिस ने मामले को बेहद गंभीरता से लेते हुए आरोपी के खिलाफ ब्रह्स की धारा 301 के तहत संगीन अपराध पंजीबद्ध किया और बिना किसी देरी के उसे न्यायालय में पेश कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया।

### 19 को आएंगे अभिनेता अखिलेंद्र मिश्रा, सम्मेलन में युवाओं को देंगे मार्गदर्शन



**सीहोर।** चंद्रकांता के क्रूर सिंह, लगान के अर्जन और गंगाजल के भूरेलाल जैसे अनगिनत यादगार किरदारों से दर्शकों के दिलों पर राज करने वाले बॉलीवुड के प्रख्यात अभिनेता अखिलेंद्र मिश्रा जल्द ही सीहोर में नजर आएंगे। दूरदर्शन के मशहूर धारावाहिक चंद्रकांता में अपने आइकोनिक डायलोग 'यक्का याकू' चंद्रकांता सिर्फ महाराज शिवदत्त की होगी... से देशभर में तहलका मचाने वाले अभिनेता अखिलेंद्र मिश्रा आगामी 19 सितंबर को सीहोर में आयोजित होने जा रहे विशाल युवा सम्मेलन में शिरकत करेंगे। युवा सम्मेलन का आयोजन युवा भाजपा नेता राजकुमार जायसवाल रिंकू के नेतृत्व में किया जा रहा है। इसी दिन कार्यकर्ताओं और युवाओं द्वारा रिंकू जायसवाल का जन्मदिवस भी धूमधाम से मनाया जाएगा। राजकुमार रिंकू जायसवाल ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि अभिनेता अखिलेंद्र मिश्रा हर वर्ग खासकर युवाओं के बीच बेहद लोकप्रिय हैं। उन्होंने भारतीय सिनेमा और टीवी जगत को दर्जनों कालजयी फिल्में और धारावाहिक दिए हैं। 19 सितंबर को आयोजित होने वाले सम्मेलन में अखिलेंद्र मिश्रा सीहोर के युवाओं से रूबरू होंगे, अपना मार्गदर्शन साझा करेंगे।

## दो माह से न्याय की आस में घायल किसान पीड़ित के पिता ने दी दिल्ली जाने की चेतावनी

**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** खेत में झूल रहे 11 केवी विद्युत तार की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हुए ग्राम बड़वेली निवासी किसान सतीश मेवाड़ा को दो माह बाद भी न्याय नहीं मिलने से किसानों में आक्रोश है।

पीड़ित किसान के बुजुर्ग पिता प्रहलाद सिंह मेवाड़ा ने चेतावनी दी है कि यदि जिम्मेदार विद्युत अधिकारियों, अधीक्षण यंत्री, कार्यापालन यंत्री सहायक यंत्री श्यामपुर के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं हुई, तो वे घायल बेटे को हाथ ठेले पर लेकर दिल्ली जाएंगे और जंतर-मंतर से प्रधानमंत्री कार्यालय तक न्याय की गुहार लगाएंगे। पीड़ित के समर्थन में किसान व समाजसेवी एम.एस. मेवाड़ा के नेतृत्व में सीहोर जिले के करीब 25 गांवों के 500 से अधिक किसान पिछले दो माह से आंदोलन कर रहे हैं। किसानों के अनुसार, कलेक्टर, एसपी, विद्युत मंडल एमडी सहित मुख्यमंत्री, ऊर्जा मंत्री, राज्यपाल और अन्य



जनप्रतिनिधियों को कई बार ज्ञापन सौंपे जा चुके हैं। मंगलवार को भी किसानों ने कलेक्टर और एसपी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन दिया।

दर्जनों गाँव के किसानों ने मिलकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय एवं कलेक्ट्रेट कार्यालय में धरना प्रदर्शन कर जमकर नारे लगाते हुए डिप्टी कलेक्टर गिरीराज सिंह परिहार एवं एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे को ज्ञापन सौपा। विद्युत मण्डल के अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाये, पीड़ित घायल किसान को 25 लाख रूपये मुआवजा व परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाये।

किसानों का दावा है कि विद्युत मंडल की जांच में संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी सामने आने के बावजूद एफआईआर दर्ज नहीं की गई। किसानों का आरोप है कि जिले के कई गांवों में 11 केवी और एलटी लाइनें झूल रही हैं, जिससे लगातार हादसों का खतरा बना हुआ है। किसानों ने आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी है। साथ ही पीड़ित किसान के पिता प्रहलाद सिंह मेवाड़ा ने कहा कि उसके पुत्र सतीष मेवाड़ा को म.प्र.सरकार से न्याय नही मिला तो दिल्ली जाकर हाथ ठैले पर लेकर जंतर मंतर से प्रधानमंत्री कार्यालय पहुंचकर मोदी से मांगेंगे न्याय।

### झाड़ियों में मिली नवजात, चार घंटे तक चीटियों के काटने से तड़पती रही

**रायसेन।** बम्हौरी तहसील के डुंगरिया खुर्द गांव में मंगलवार सुबह मानवता को झकझोर देने वाली घटना सामने आई। कटीली झाड़ियों और बारिश के पानी के बीच एक नवजात बच्ची मिली, जो करीब तीन से चार घंटे तक वहां पड़ी रही। उसके शरीर पर कटीली झाड़ियों से चोट के निशान मिले हैं, जबकि चीटियों के काटने से भी वह घायल हुई है।

सुबह करीब सात बजे जंगल में पशु चरा रहे एक चरवाहे को बच्ची के रोने की आवाज सुनाई दी। आवाज का पीछा करते हुए वह झाड़ियों तक पहुंचा और नवजात को पानी के बीच पड़ा देखा। उसने तत्काल आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सूचना दी। पुलिस की मदद से बच्ची को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया।

नवजात को पहले बम्हौरी उप स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से सिलवानी अस्पताल और बाद में रायसेन जिला अस्पताल रेफर किया गया।

## माता-पिता की मृत्यु के बाद बेसहारा हुए सहरिया 5 भाई-बहनों को मिला संरक्षण



**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशाः** जिले के ग्राम अबुपुर कुचोली गंजबासौदा निवासी 5 भाई-बहनों के माता-पिता के निधन के बाद बच्चों के सामने उत्पन्न हुई कठिन परिस्थितियों को देखते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा उन्हें आवश्यक संरक्षण एवं सहायता उपलब्ध कराने की पहल की गई।

इन पाँचों भाई-बहनों के पिता का निधन लगभग पाँच वर्ष पूर्व हो गया था। इसके बाद बच्चों की माता ही उनका पालन-पोषण कर रही थीं, लेकिन हालही करंट लगने से उनकी भी मृत्यु हो गई। माता-पिता दोनों के निधन के बाद पाँचों बच्चे बेसहारा हो गए।

महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक श्रीमती ऋतु शर्मा द्वारा पाँचों बच्चों को आवश्यक संरक्षण एवं आर्थिक सहायता के लिए बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। बाल कल्याण समिति द्वारा बच्चों की स्थिति का संवेदनशीलता से संज्ञान लेते हुए बड़े भाई राजा सहरिया को बच्चों का संरक्षक नियुक्त किया गया। समिति द्वारा सभी बच्चों के आवश्यक दस्तावेज तैयार कराने, शासकीय योजनाओं से जोड़ने तथा बच्चों को नियमानुसार आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के लिए परियोजना अधिकारी, गंजबासौदा को निर्देशित किया गया। समिति द्वारा बच्चों की शिक्षा निरंतर जारी रखने, स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं का ध्यान रखने शासन की पात्र योजनाओं एवं सुविधाओं से लाभान्वित कराने के निर्देश दिए गए।

## रतलाम में ट्रैफिक पुलिस की सख्ती तेज आवाज करने वाले साइलेंसर जब्त



**नईदुनिया प्रतिनिधि, रतलामः** तेज आवाज और फटाके जैसी ध्वनि करने वाले मॉडिफाइड साइलेंसर लगी बुलेट मोटरसाइकिलों के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस ने मंगलवार को कार्रवाई की। सैलाना बस स्टैंड पर चल रही जांच के दौरान पुलिस को देखकर बुलेट सवार दो युवक वाहन लेकर भाग निकले। उन्हें पकड़ने के लिए ट्रैफिक सूबेदार अनोखीलाल परमार ने दौड़ लगाई, जबकि अन्य जवानों ने भी पीछा किया, लेकिन दोनों युवक फरार हो गए।

दोपहर करीब तीन बजे ट्रैफिक थाना प्रभारी हेमंत पाटीदार के नेतृत्व में सैलाना बस स्टैंड पर मॉडिफाइड साइलेंसरों की जांच की गई।करीब 10 बुलेट चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया।

## तीन युवाओं की मौत के बाद नशे के खिलाफ सड़कों पर उतरी जनता

### हजारों लोगों ने निकाली जनजागरण रैली, संतों की अगुवाई में लिया नशामुक्ति का संकल्प

**नईदुनिया प्रतिनिधि, गंजबासौदाः** पिछले दिनों नशे की चपेट में आने से तीन युवाओं की असमय मौत के बाद शहर में उभरा आक्रोश मंगलवार को सड़कों पर दिखाई दिया। नशे के खिलाफ आयोजित जनजागरण अभियान में बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए। संतों की अगुवाई में निकली रैली ने शहरवासियों को नशे से दूर रहने और समाज को इसके दुष्प्रभावों से बचाने का संदेश दिया।

रैली रेलवे स्टेशन स्थित हनुमान मंदिर से शुरू होकर सुभाष चौक, नेहरू चौक, अंबेडकर चौक, हनुमान चौक, सावरकर चौक और जवाहर रोड से होते हुए सिरोंज चौराहा स्थित वाराही पैलेस पहुंची। करीब चार किलोमीटर लंबे मार्ग में बच्चे, महिलाएं, युवा, व्यापारी, सामाजिक संगठनों और विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि शामिल हुए। लोगों के हाथों में नशे के विरोध में तख्तियां थीं।

सन्त संतों ने दिलाया नशामुक्ति का संकल्प

रैली के समापन पर संत समाज ने सभा को संबोधित किया और उपस्थित लोगों को




नशामुक्ति का सामूहिक संकल्प दिलाया। नौलखा खालसा के श्रीमहंत राम मनोहर दास, गंज हनुमान मंदिर के महंत महेश्वरदास त्यागी सहित कई संतों और धर्माचार्यों ने अभियान में सहभागिता की। इसके बाद राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन तहसीलदार सुनील श्रीवास्तव को सौंपा गया। ज्ञापन में गंजबासौदा और आसपास के क्षेत्रों में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार पर रोक लगाने, तस्करी नेटवर्क की पहचान, विशेष पुलिस दल गठित करने, स्कूल-कॉलेजों के आसपास निगरानी बढ़ाने तथा शासकीय नशामुक्ति केंद्र स्थापित करने की मांग की गई। नागरिकों ने कहा कि नशे के खिलाफ यह अभियान केवल एक दिन तक सीमित नहीं रहना चाहिए और अवैध कारोबार पर लगातार प्रभावी कार्रवाई की जानी चाहिए।

**स्पेशल खबर** मदीना मस्जिद के पास महिलाओं का धरना, पुलिस बल तैनात; प्रशासन ने कहा- सभी पक्षों को पहले ही दिए गए थे नोटिस

## केडी गेट पर सिंहस्थ चौड़ीकरण को लेकर विवाद, मस्जिद हटाने की कार्रवाई के दौरान विरोध

**नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैनः** सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के तहत शहर में चल रहे सड़क चौड़ीकरण अभियान के दौरान मंगलवार को केडी गेट चौराहे पर तनावपूर्ण स्थिति बन गई। मास्टर प्लान के अनुसार मार्ग को 18 मीटर चौड़ा करने की कार्रवाई के तहत नगर निगम और प्रशासन ने चौड़ीकरण की जद में आ रहे निर्माणों को हटाना शुरू किया।

इस दौरान बोहरा समाज की कमरुबाग मस्जिद का करीब 20 फीट हिस्सा हटाया गया। कार्रवाई के दौरान समाजजनों में नाराजगी भी दिखाई दी। इसके बाद प्रशासनिक अमला सामने स्थित मदीना मस्जिद के उस हिस्से की ओर पहुंचा, जो प्रस्तावित





चौड़ीकरण की सीमा में आ रहा है।

मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार शुरुआत में मस्जिद का संबंधित हिस्सा स्वयं हटाने को लेकर सहमति बनी थी, लेकिन कुछ समय बाद विरोध शुरू हो गया। बड़ी संख्या में महिलाएं केडी गेट चौराहे पर धरने पर बैठ गईं। इसके बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई और भारी संख्या में पुलिस बल तैनात करना पड़ा।

विरोध के दौरान मदीना मस्जिद के लाउडस्पीकर से समाजजनों से मौके पर पहुंचने की अपील की गई। साथ ही लोगों से चौराहे पर डटे रहने की बात कही गई। इससे क्षेत्र में भीड़ बढ़ गई और प्रशासन तथा पुलिस अधिकारियों ने स्थिति संभालने के लिए मोर्चा संभाला।

हालात को देखते हुए जीवाजीगंज थाना पुलिस के साथ पंवासा और चिमनगंज थाना क्षेत्रों से भी पुलिस बल बुलाया गया। पुलिस अधिकारियों और अतिरिक्त बल की मौजूदगी में क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। अधिकारियों ने लोगों से शांति और संयम बनाए रखने की अपील की।

नगर निगम के भवन अधिकारी राजकुमार राठौर ने बताया कि केडी गेट चौराहे के चौड़ीकरण के लिए मास्टर प्लान के अनुसार 18 मीटर चौड़ाई निर्धारित है। उनके अनुसार कमरुबाग मस्जिद का करीब 20 फीट और मदीना मस्जिद का लगभग पांच फीट हिस्सा चौड़ीकरण की सीमा में आ रहा है। उन्होंने कहा कि कार्रवाई से पहले संबंधित पक्षों को नियमानुसार नोटिस दिए जा चुके हैं और इस संबंध में कोई प्रभावी स्थगन आदेश नहीं है।

सिंहस्थ 2028 को देखते हुए उज्जैन में सड़क चौड़ीकरण और अन्य विकास कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। केडी गेट क्षेत्र की कार्रवाई के दौरान हुए विरोध के बाद प्रशासन और पुलिस की नजर अब स्थिति को शांतिपूर्ण बनाए रखने पर बनी हुई है।